# राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर में मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लिया भाग

जयपुर मिड-डे टाइम्स

**चित्तौड़गढ़ (अमित कुमार चेचानी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चित्तौड़गढ़ और सिविल एवं न्यायिक न्यायालय, गंगरार में लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से प्रतिभागिता की। प्रतिभागियों ने लोक अदालत शिविर में आपसी विमर्श और सहमति से निपटाए जाने वाले मामलों की जानकारी प्राप्त की तथा शिविर में आने वाले पक्षकारों को लोक अदालतों के माध्यम से राजीनामा किए जाने वाले मामलों के लाभ की भी जानकारी प्राप्त की। शिविर में विभिन्न सरकारी,गैर सरकारी बैंक तथा अन्य फायनेंस सर्विसेस कंपनियां भी मौजूद रहीं। इस शिविर में विधि विभाग के विभागध्यक्ष पुष्पेन्द्र सोलंकी, शिरीष कुमार शुक्ला, प्रीति कुमारी, नंदीनी आदि उपस्थित रहे।

# विधि विद्यार्थियों ने किया लोक अदालत का अवलोकन

## ›› मेवाड़ विवि के छात्रों ने लोक अदालत में भाग लिया

**गंगरार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चित्तौड़गढ़ और सिविल एवं न्यायिक न्यायालय गंगरार में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रुप से प्रतिभागिता की।

प्रतिभागियों ने लोक अदालत शिविर में आपसी विमर्श और सहमति से निपटाए जाने वाले मामलों की जानकारी प्राप्त की तथा शिविर में आने वाले पक्षकारों को लोक अदालतों के माध्यम से राजीनामा किए जाने वाले मामलों के लाभ की भी जानकारी प्राप्त की। शिविर में विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी बैंक तथा अन्य फायनेंस सर्विसेस कंपनियां भी मौजूद रहीं। शिविर में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष पुष्पेन्द्र



सोलंकी, शिरीष कुमार शुक्ला, लवीना चपलोत, गितांजली शर्मा, सुप्रिया चौधरी आदि उपस्थित रहे।

**चित्तौड़गढ़।** स्थानीय आरएनटी विधि महाविद्यालय के विधि विद्यार्थियों ने विभिन्न न्यायालय में आयोजित लोक अदालत की कार्यवाहियों का अवलोकन कर विभिन्न मामलों से जुड़ी हुई जानकारियां प्राप्त की।

कॉलेज समन्वयक गौरव त्यागी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विधि के विद्यार्थियों ने वरिष्ठ अधिवक्ता बीएल पोखरना, व्याख्याता जफ्फर हुसैन चैलिम, जमीर आलम, श्रेयसी उपाध्याय, निधि राय, शोएब खान के सानिध्य में आपसी राजीनामा के तहत मामलों के निपटारे की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बैंक, परिवहन, पारिवारिक, घरेलु विवाद, बिजली आदि मामलों से जुड़े हुए विवादों का आपसी समझौते के तहत निस्तारण न्यायिक अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर समझा। पूजा रेगर, ममता चौहान हरिजन, आकाश छीपा, अंशु शुक्ला, मोनिका परिहार, तस्लीम मंसूरी, वंशिका बैरागी, नरेश सुखलाल, शुभम सुखलाल, जाह्नवी टेलर को राष्ट्रीय लोक अदालत में पैरालीगल वॉलेन्टियर के रूप में नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के न्यायालय परिसर में विद्यार्थियों ने हेल्प डेस्क लगाकर पक्षकारों को न्यायिक प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न कार्यों में मदद की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर में मेवाड़ विवि. के विद्यार्थियों ने लिया भाग

**चमकता राजस्थान**

**चित्तौड़गढ़ ( अमित कुमार चेचानी )**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चित्तौड़गढ़ और सिविल एवं न्यायिक न्यायालय, गंगरार में लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से प्रतिभागिता की। प्रतिभागियों ने लोक अदालत शिविर में आपसी विमर्श और सहमति से निपटाए जाने वाले मामलों की जानकारी प्राप्त की तथा शिविर में आने वाले पक्षकारों को लोक अदालतों के माध्यम से राजीनामा किए जाने वाले मामलों के लाभ की भी जानकारी प्राप्त की। शिविर में विभिन्न सरकारी,गैर सरकारी बैंक तथा अन्य फायनेंस सर्विसेस कंपनियां भी मौजूद रहीं। इस शिविर में विधि विभाग के विभागध्यक्ष पुष्पेन्द्र सोलंकी, शिरीष कुमार शुक्ला, लवीना चपलोत, गीतांजली शर्मा, सुप्रिया चौधरी एवं अटल बिहारी चौधरी, ईबरत जहाँ, हनी कुमारी, प्रद्युम देराश्री, प्रीति कुमारी, नंदीनी आदि उपस्थित रहे।